INS इम्फाल

आज के विषय

INS इम्फाल

वियना कन्वेंशन, 1961

- माझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) ने भारतीय नौसेना को प्रॉजेक्ट 15बी श्रेणी के तहत गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर के तीसरे स्टील्थ विध्वंसक पोत यानी यार्ड 12706 (इंफाल) को सौंप दिया।

- यह पहला वॉरशिप भी है, जो कॉन्ट्रैक्ट टाइम से पहले यानी चार माह से भी पहले ही भारतीय नौसेना को सौंपा गया है।

- पहला युद्धपोत है जिसे विशेष रुप से महिला विंग को दिया गया है।

- INS इम्फाल स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है।

- यह प्रोजेक्ट-15B श्रेणी के तहत निर्मित तीसरा पोत है ।

- इससे पहले INS विशाखापत्तनम और INS मोर्मुगाओ का निर्माण किया गया था ।

- इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड ने बनाया है।
- यह सुपरसोनिक 'ब्रह्मोस' मिसाइल और 'बराक-8' मिसाइल से लैस है।
- सुपरसोनिक ब्रह्मोस: यह सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल है।
- बराक-8 : यह मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है ।
- रोजेक्ट-15B पिछले दशक में कमीशन किए गए कोलकाता श्रेणी (प्रोजेक्ट - 15A) विध्वंसक का अनुवर्ती है ।
- प्रोजेक्ट-15B श्रेणी के विध्वंसकों में 72% स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।
- प्रोजेक्ट-15A में 59% और प्रोजेक्ट -15 में 42% स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

94250-68121, 98939-29541, 91110-10991 to get your queries answered fast.
www.kautilyaacademy.com

Current AFFAIRS

कौटिल्य एकेडमी
www.kautilyaacademy.com IAS·IPS·MPPSC·CJ·II

VIENNA CONVENTION
ON DIPLOMATIC RELATIONS

Done at Vienna
On 18 April 1961

"VIENNA CONVENTION" 1961

वियना कन्वेंशन, 1961

94250-68121, 98939-29541, 91110-10991 to get your queries answered fast.
www.kautilyaacademy.com

- भारत और कनाडा के बीच राजनयिक तनाव के बीच , वियना कन्वेंशन को वैश्विक समाचारों में कई बार लाया गया है।
- भारत ने वियना कन्वेंशन के अनुसार कनाडा के साथ आपसी कूटनीतिक / राजनयिक संबंधों में समानता की मांग दोहराई है।
- वियना कन्वेंशन स्वतंत्र संप्रभु राज्यों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना, रखरखाव और समाप्ति के लिए एक संपूर्ण फ्रेमवर्क प्रदान करता है।
- यह राजनयिक मिशनों के कार्यों, विशेषाधिकारों और उन्मुक्तियों; उनकी नियुक्तियों को विनियमित करने वाले नियमों आदि को निर्दिष्ट करता है।
- इस कन्वेंशन का अनुच्छेद 11.1 अन्य देशों के भीतर अंतर्राष्ट्रीय मिशनों के आकार से संबंधित है।
- इस पर 1961 में हस्ताक्षर किए गए थे । यह 1964 में लागू हुआ था।
- इसके भारत सहित 60 हस्ताक्षरकर्ता और 193 पक्षकार हैं।

94250-68121, 98939-29541, 91110-10991 to get your queries answered fast.
www.kautilyaacademy.com